सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **387**
18/04/2026

मुख्यमंत्री ने जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय भवन में वाचनालय विकसित करने की घोषणा की

पटना, 18 अप्रैल 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने आज जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय, पटना के परिसर में स्थापित बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। स्मृति संग्रहालय भवन में जननायक कर्पूरी ठाकुर के तैलचित्र पर भी मुख्यमंत्री ने पुष्पांजलि अर्पित की। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय भवन के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने स्मृति संग्रहालय भवन के फोटो गैलरी में उनके मुख्यमंत्रित्व काल एवं संघर्षों से जुड़ी लगाई गई तस्वीरों का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के शयन कक्ष, स्मृति संग्रहालय का पुस्तकालय, डायनिंग हॉल आदि का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यहां कर्पूरी ठाकुर जी के दैनिक जीवन से जुड़ी वस्तुओं को संरक्षित किया गया है। उनके कपड़े, चश्मा, कलम, स्नातक की मार्कशीट और स्कूल प्रमाण पत्र इस संग्रहालय में संरक्षित है। उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी तस्वीरें एवं दस्तावेज मौजूद हैं।

मुख्यमंत्री ने कला एवं संस्कृति विभाग के सचिव को निर्देश देते हुये कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय भवन में वाचनालय (अध्ययन कक्ष) विकसित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाचनालय विकसित होने से यहाँ आनेवाले लोग पुस्तकालय में रखी पुस्तकों एवं पत्रिकाओं के माध्यम से जननायक की सादगी और संघर्षो के विषय में विस्तृत जानकारी हासिल कर सकेंगे।

इस अवसर पर कला, संस्कृति विभाग के सचिव श्री प्रणव कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ0 गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चंद्रशेखर सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं संग्रहालय से जुड़े कर्मीगण उपस्थित थे।

******